

# नगर निगम द्वारा त्रिपोलिया गेट की गुमटिया हटाने की धमकी के खिलाफ तपती दोपहर में धरने पर बैठे महिला पुरुष

रतलाम। त्रिपोलिया गेट के बाहर बरसों से गुमटियां लगाकर व्यवसाय र रहे सैंकडों महिला पुरुष आज तपती दोपहर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी महिला पुरुष नगर निगम द्वारा गुमटियां हटाने की धमकी दिए जाने के खिलाफ धरने पर बैठे है। त्रिपोलिया गेट के बाहर बरसों से अनेक गुमटियां लगी हुई है,जिनमें छोटे व्यवसायी विभिन्न व्यवसाय करते है।

नगर निगम द्वारा इन गुमटी धारकों से किराया भी वसूल किया जाता है। लेकिन दो दिन पूर्वअचानक नगर निगम के कर्मचारियों ने वहां पंहुच कर गुमटी धारकों को अपनी गुमटियां हटा लेने का फरमान सुना दिया। निगम कर्मचारियों ने गुमटी धारकों को धमकी दी कि यदि उन्होने गुमटियां नहीं हटाई तो नगर निगम द्वारा इन पर बुलडोजर चलवा दिया जाएगा। नगर निगम द्वारा दी गई समय सीमा आज समाप्त हो गई। इस दौरान गुमटीधारकों ने निगम आयुक्त से मिलकर अपना पक्ष रखने की भी कोशिश की गई,लेकिन वे निगम आयुक्त से मिल ही नहीं पाए। आखिरकार सभी गुमटी धारक दोपहर करीब एक बजे चिलचिलाती धूप में धरने पर बैठ गए। इनमें बडी संख्या में महिलाएं भी शामिल है।.गुमटी धारकों के धरने से इलाके की यातायात व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई। धरने की जानकारी मिलने पर पुलिस बल भी मौके पर पंहुच गया। प्रदर्शनकारी नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात किए बगैर प्रदर्शनकारी धरना समाप्त करने को तैयार नहीं है। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था।

इन्दौर समाचार

4-5-22

# आशुतोष क्लब के स्थापना दिवस पर चलाया सफाई अभियान




आशुतोष क्लब का स्थापना दिवस मनाते हुए खिलाड़ी व कोच। ●नईदुनिया

रतलाम। आशुतोष क्लब का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया। क्लब के संयोजक बाबा हैरिस ने बताया कि क्लब के स्थापना समारोह पर क्लब के सदस्यों द्वारा मैदान पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। क्लब के अनुज शर्मा, राहुल श्रीवास्तव, निलेश राजोरिया, संदीप कुमार, अनुज सांखला, शशांक मालवीय, मोहित तंवर, आदित्य शर्मा उपस्थित थे।

4-5-22

नईदुनिया
4-5-22

# ईद का पर्व परंपरागत उत्साह के साथ मनाया

रतलाम,(निप्र)। नगर में ईद का पर्व परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया। शहर की विभिन्न ईदगाहो पर मुस्लिम समाजजनो ने ईद की नमाज अता की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा एसपी अभिषेक तिवारी विभिन्न ईदगाहो पर पहुचे ,दिलीप नगर ईदगाहे पर समाजजनों से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी । इससे पूर्व कलेक्टर तथा एसपी ईदगाह पहुचे शहर काजी से मुलाकात की । ईदगाह पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, सीएसपी हेमंत चौहान, एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार गोपाल सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह सहित अमला मौजूद था । चोथा संसार 4-5-22



चोथा संसार
4-5-22

## नागदा से रतलाम आकर लिया नशे का ओवरडोज, सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स के बेसमेंट में हो गई मौत



रतलाम। नगर-निगम के सुभाष शॉपिंग कांप्लेक्स में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है । आज दोपहर में स्टेशन रोड थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स के बेसमेंट में पड़ा हुआ है। मृतक के हाथ में इंजेक्शन और आसपास ड्रग की शीशियां पड़ी हुई थी। पुलिस ने जब जानकारी जुटाई तो उसकी पहचान नागदा निवासी शहजाद पिता छोटे खां के रूप में हुई । मृतक शहजाद नशे का आदी बताया जाता है और अपराधिक प्रवृत्ति का होकर पिछले दिनों ही जेल से वापस घर लौटा था। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मृत्यु ड्रग के ओवरडोज से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचा कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। दरअसल रतलाम शहर में ड्रग और नशे का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है और नशेड़ीयों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र और नगर निगम की लावारिस पड़ी हुई प्रॉपर्टीयों जैसे सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स और सिविक सेंटर अब नशेड़ीयों के अड्डे बनते जा रहे हैं। सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स में आज नशे के आदी व्यक्ति का शव मिलने से शहर में चल रहे नशे के अवैध कारोबार की पोल खुल गई है वहीं,पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इन्दौर समाचार 4-5-22

इन्दौर समाचार
4-5-22

# कल से 4 जगह पर ही बेच सकेंगे फल और सब्जी

## विक्रेता को व्यवसाय के लिए पंजीयन करवाना होगा, इनको 4 बाय 4 के ब्लॉक मिलेंगे, चूने की लाइन डाली

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में 5 मई यानी कल से सिर्फ 4 स्थानों पर ही फल-सब्जी मिलेगी। सैलाना ब्रिज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पंप के सामने, विनोबा नगर ग्रिड के पास और त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने मंडी लगाई जाएगी।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर 5 मई से जमीन और ठेलागाड़ी पर सड़क और फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। शहर में फल-सब्जी विक्रय के लिए 4 स्थान तय किए हैं। इसमें भी पहले त्रिवेणी मेला परिसर में सब्जी विक्रय किया जाना था लेकिन, सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति ने फल-सब्जी विक्रय के लिए त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर अन्य स्थल तय करने की मांग की थी। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार को अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य के साथ त्रिवेणी क्षेत्र का निरीक्षण किया व त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी बेचने के लिए स्थान तय किया है। स्थान चयन के बाद नगर निगम के राजस्व अमले ने उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देश में फल-सब्जी विक्रेता के लिए 4 बाय 4 के ब्लॉक के लिए चूने की लाइन डाली।

**आज सुबह 8 बजे होंगे पंजीयन** -विक्रेता तय स्थान पर अपना स्थान निर्धारित कराने के लिए फोटो और वैध परिचय-पत्र सहित त्रिवेणी रोड कल्याण नगर में 4 मई को सुबह 8 बजे पंजीयन करवाना होगा। 5 मई से सड़क पर व्यवसाय अवैधानिक होगा, पकड़े जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### विरोध में त्रिपोलिया गेट के विक्रेता, धरना दिया



इधर, त्रिपालिया गेट क्षेत्र में सड़क पर व्यापार करने वाले लोगों ने मंगलवार को धरना दे दिया। उनका कहना था कि वे 50 साल से गुमटी लगा कर व्यापार कर रहे हैं। इससे ही उनकी आजीविका चलती है। नगर निगम ने दो दिन पहले तानाशाही तरीके से बिना किसी प्रकार की लिखित सूचना दिए दुकानें हटाने की धमकी दे दी। व्यापारियों ने सीएम से उचित जगह देने की मांग की। अर्पित कटारिया, सत्यनारायण भाटी, कैलाश प्रजापत, बलदेव सेन, प्रवीण चौहान, संजय वर्मा, जयंतीलाल सहित अन्य मौजूद थे।

भास्कर 4-5-22

ले-आउट प्लान का निकाय नहीं कर पाएंगे उल्लंघन

# भवन अनुज्ञा की अनुमति तभी जब डाटा होगा मैच

## एकीकृत होंगी ई-सेवाएं



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

4-5-22

भोपाल. नगरीय निकाय अब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) के प्लानिंग एरिया को नजरअंदाज कर भवन अनुज्ञा और कॉलोनाइजर को कॉलोनियां काटने की अनुमति नहीं दे पाएंगे। क्योंकि निकायों की भवन अनुज्ञा और टीएनसीपी के ले-आउट प्लानिंग की ई-सेवाओं को एकीकृत किया जाएगा। इसके लिए पहले पुरानी संपत्तियों को ऑनलाइन करना होगा, जिसके लिए निकायों को एक वर्ष का समय दिया गया है।

निकायों के भवन अनुज्ञा का पूरा डेटा टीएनसीपी की प्लानिंग एरिया और मास्टरप्लान सॉफ्टवेयर पर होगा। इसमें संबंधित निकाय के मास्टर प्लान, कॉलोनियों के प्लानिंग एरिया का डेटा अपलोड किया जाएगा। इससे निकायों में भवन अनुज्ञा की अनुमति तभी मिलेगी, जब दोनों डाटा आपस में मैच करेंगे। यानी प्लानिंग एरिया में जहां फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) सात होगा, वहां नगरीय निकाय मनमानी से एफएआर बढ़ाकर दस नहीं कर पाएंगे। इसके अलावा आवासीय भूमि में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने के लिए निकाय अनुमति नहीं दे सकेंगे।

### सर्वे का पूरा डाटा होगा ऑनलाइन

जीआइएस सर्वे का पूरा डेटा अब ऑनलाइन होगा। वर्तमान में 152 जीआइएस सर्वे का काम पूरा हो गया है। बाकी का सर्वे चल रहा है। इसमें देखा जा सकेगा कि शहर के किस एरिया में बहुमंजिला भवन बना है, कहां व्यावसायिक गतिविधियां चल हैं और किन क्षेत्रों से निकायों को कितना राजस्व मिल रहा है। इससे संबंधित निकायों को टैक्स वसूली करने, प्लानिंग एरिया के अनुसार निर्माण करने तथा अवैध निर्माण को रोकने में आसानी होगी।

पत्रिका 4-5-22

# चिलचिलाती धूप में नगर निगम पहुंचे दर्जनों लोगों ने दिया धरना

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम
मो.नं. 9826486291

4-5-22



त्रिपोलिया गेट के बाहर गुमटी लगाने वालों ने चिलचिलाती धूप में नगर निगम के खिलाफ घंटो तक धरना दिया। महिला और पुरुष तपती दोपहर में गुमटी हटाने के विरोध में नगर निगम पहुंचे और जमीन पर बैठ गए। कलेक्टर के नाम एक पत्र भी लिखा और आयुक्त से मिलने की मांग करते रहे, हालांकि 2 घंटे बाद भी कोई नहीं मिला। पुलिस प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची लेकिन लोगों से हटने से इनकार कर दिया।

त्रिपोलिया गेट से चांदनीचौक और अमृतसागर दोनों ओर की सड़क पर कई गुमटीधारी दशकों से व्यापार करते हैं। गुमटियों में अधिकांश गरीब परिवार है। निगम द्वारा किराया भी वसूला जाता है। नगर निगम ने यातायात की समस्या को देखते हुए इन्हें गुमटी हटाने के लिए 48 घंटे का समय दिया था।

पीपुल्स 4-5-22

## 10 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम | सफाई व्यवस्था की चेकिंग में मंगलवार को 10 कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिले। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। सभी कर्मचारी सुबह की शिफ्ट के जोन एक, दो और तीन के हैं। इन्हें कारण बताओ सूचना-पत्र भी भेजा जा रहा है। तीन दिन तक लगातार अनुपस्थित रहने वालों पर सेवा बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## नेशनल लोक अदालत 14 मई को लगेगी

रतलाम | राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 14 मई को नेशनल लोक अदालत लगाई जाएगी। इसमें नगर निगम के संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट दी जाएगी। नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास और जिला न्यायालय परिसर में भी शिविर लगाया जाएगा। इनमें संपत्तिकर 50 हजार से ज्यादा होने और जलकर 10 हजार तक बकाया होने पर अधिभार में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इसके अलावा भी अलग-अलग स्लैब में 75 से 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। वह भी सिर्फ अदालत में राशि जमा करवाने वालों के लिए होगी।

## गंदगी करने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम | सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान मंगलवार को 12 व्यक्तियों पर कचरा डालकर गंदगी करने पर जुर्माना लगाया गया। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर कमल घोसी पर 4000 रुपए, श्रेणिक कुमार पर 2000 रुपए, बद्रीलाल, गिरधारी, शुभम, वहाब, बहादुर पर 500 रुपए, सुरेश पर 300 रुपए, राजू, दलीबाई, मनोहर पर 250 रुपए तथा गोपाल से 200 रुपए स्पॉट फाइन वसूला गया।

भास्कर
4-5-23

# ओवरलोडिंग बसों के खिलाफ चलेगा अभियान

## शहर में नलकूपों पर अवैध कब्ज़ा करने वालों के विरुद्ध होगी एफआईआर, लापरवाही पर दो नगर पालिका अधिकारियों को शो कॉज नोटिस



रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम लगातार एक्शन मोड में बने हुए है। गड़बड़ी पर कार्रवाई का मामला हो या फिर आमजनता की तकलीफ या समस्या को हल करवाने। कलेक्टर सभी मामलों में तत्काल कार्रवाई कर रहे है। बिती रात हुए बस हादसे के बाद आज समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी श्री माझी को निर्देशित किया कि बसों में सामान की ओवरलोडिंग पर सख्त निगरानी की जाए। यात्रियों के सामान के अलावा अन्य सामग्री का लदान बस की छत पर नहीं हो सुनिश्चित करें। जिले से गुजरने वाली लंबी दूरी की बसों को भी चेक करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने बसों के परमिट भी चेक करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों की समीक्षा भी की गई।

निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर में नगर निगम के 700 से ज्यादा नलकूप हैं। इनमें से कई स्थानों पर नलकूपों पर कतिपय व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण अथवा कब्जा कर लिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नलकूपों पर से अतिक्रमण हटाए जाएं। जिन्होंने अतिक्रमण अथवा कब्जा किया है उनके विरुद्ध पुलिस थाने में एफआईआर कराई जाए। बैठक मेंअपर कलेक्टर एम एल आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे।

**नगर पालिका अधिकारियों को शो कॉज नोटिस-** कलेक्टर ने सभी एसडीएम को झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध भी कार्रवाई सतत जारी रखने के निर्देश दिए। स्कूलों में बच्चों के वैक्सीनेशन की समीक्षा की। अब तक 70 प्रतिशत बच्चों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की। जिला शिक्षा अधिकारी श्री शर्मा द्वारा कार्य को गंभीरता से नहीं लेने पर नाराजगी व्यक्त की। नगर पालिकाओं की समीक्षा के दौरान कार्य में रुचि नहीं लेने पर बड़ावदा तथा धामनोद के नगर पालिका अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

लोक सेवा गारंटी में अधिकारियों द्वारा तय समय सीमा में कार्य नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। लोक सेवा प्रबंधन द्वारा फाइल प्रस्तुत नहीं करने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि क्या सभी अधिकारी तय समय सीमा में कार्य कर रहे हैं ।अब तक के जुर्माने के लिए फाइल प्रस्तुत क्यों नहीं की गई है। निर्धारित अवधि में कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जुर्माना किया जाएगा साथ ही उनकी गोपनीय चरित्रावली में भी प्रविष्टि की जाएगी।

शासन के निर्देशानुसार पटवारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराए जाने की धीमी प्रक्रिया पर कलेक्टर द्वारा लगभग सभी तहसीलदारों के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई।

जिला खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई ।कलेक्टर ने इस बात पर अप्रसन्नता व्यक्त की कि विभाग द्वारा किए गए वाहन लंबे समय तक थानों में पड़े रहते हैं। प्रकरण के जिला कार्यालय में देरी से पहुंचाने के कारण प्रकरणों की निपटान प्रक्रिया में विलंब होता है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा नियत किया गया कि अब वाहन जब्ती में तीन दिवस में प्रकरण जिला कार्यालय को प्रस्तुत कर दिया जाएगा। 3-5-22

जिले के लगभग 3000 शासकीय स्कूलों की रंगाई पुताई मरम्मत कार्य की समय सीमा कलेक्टर द्वारा आगामी 20 मई निर्धारित की गई। जिला शिक्ष अधिकारी को निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में डाटा एंट्री कं धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हु कलेक्टर ने कहा कि अब नेशनल हेल्थ मिशन के तहत नियुक्त सभी ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर का वेतन उनकी का प्रगति के आधार पर ही प्रदाय किय जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले भी निर्मित किए जाने वाले जल सरोव के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों निर्देशित किया गया। बताया गया रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 17 सरोवर बने बाजना क्षेत्र में 34 तथा सैलाना में सरोवर बनाए जाएंगे जिले के अन्य क्षे में भी संख्या निर्धारित की गई है।

4-5-22

# लगातार एक्शन में कलेक्टर : ओवरलोडिंग बसों के खिलाफ चलेगा अभियान

## शहर में नलकूपों पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध होगी एफआईआर

**स्वतंत्र समय, रतलाम।**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम लगातार एक्शन मोड में बने हुए है। गड़बड़ी पर कार्रवाई का मामला हो या फिर आमजनता की तकलीफ या समस्या को हल करवाने। कलेक्टर सभी मामलों में तत्काल कार्रवाई कर रहे है। बिती रात हुए बस हादसे के बाद आज समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी श्री माझी को निर्देशित किया कि बसों में सामान की ओवरलोडिंग पर सख्त निगरानी की जाए। यात्रियों के सामान के अलावा अन्य सामग्री का लदान बस की छत पर नहीं हो सुनिश्चित करें। जिले से गुजरने वाली लंबी दूरी की बसों को भी चेक करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने बसों के परमिट भी चेक करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों की समीक्षा भी की गई। निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर में नगर निगम के 700 से ज्यादा नलकूप है। इनमें से कई स्थानों पर नलकूपों पर कतिपय व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण अथवा कब्जा कर लिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नलकूपों पर से अतिक्रमण हटाए जाएं। जिन्होंने अतिक्रमण अथवा कब्जा किया है उनके विरुद्ध पुलिस थाने में एफआईआर कराई जाए। बैठक मेंअपर कलेक्टर एम एल आर्य, सीईओ जिला पंचायतश्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध भी कार्रवाई सतत जारी रखने के निर्देश दिए। स्कूलों में बच्चों के वैक्सीनेशन की समीक्षा की। अब तक 70 प्रतिशत बच्चों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की। जिला शिक्षा अधिकारी श्री शर्मा द्वारा कार्य को गंभीरता से नहीं लेने पर नाराजगी व्यक्त की। नगर पालिकाओं की समीक्षा के दौरान कार्य में रुचि नहीं लेने पर बड़ावदा तथा धामनोद के नगर पालिका अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी में अधिकारियों द्वारा तय समय सीमा में कार्य नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई।



### लावरवाही अधिकारियों को शो कॉज नोटिस

लोक सेवा प्रबंधन द्वारा फाइल प्रस्तुत नहीं करने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि क्या सभी अधिकारी तय समय सीमा में कार्य कर रहे हैं।अब तक के जुर्माने के लिए फाइल प्रस्तुत क्यों नहीं की गई है। निर्धारित अवधि में कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जुर्माना किया जाएगा साथ ही उनकी गोपनीय चरित्रावली में भी प्रविष्टि की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार पटवारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराए जाने की धीमी प्रक्रिया पर कलेक्टर द्वारा लगभग सभी तहसीलदारों के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई।

स्वतंत्र समय 5-5-22

स्वतंत्र समय 5/5

# फल-सब्जी विक्रय हेतु नगर में 4 स्थान तय

### आज से तय स्थानों पर ही होगा फल-सब्जी का विक्रय

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम नगर में 4 मई से ठेले पर, सड़क किनारे, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थान, चौराहे आदि पर फल-सब्जी विक्रय करना पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाकर नगर में फल-सब्जी विक्रय हेतु 4 स्थान तय किए गए है। फल-सब्जी का विक्रय सैलाना ब्रिज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, विनोबा नगर ग्रीड के पास व त्रिवेणी मेला परिसर चिन्हित किए गए है जहां फल-सब्जी विक्रेता फल व सब्जी का विक्रय कर सकेंगे। नगर निगम द्वारा नगर के समस्त सब्जी-फल विक्रेताओं से अपील की जाती है कि वे उक्त क्षेत्रों में से अपने क्षेत्र में अपनी सुविधानुसार फल-सब्जी विक्रय करना प्रारंभ करें।

### सब्जी वालों ने किया विरोध 4/5-22

चांदनी चौक से त्रिपोलिया गेट के बीच फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाले, ठेले वाले, गुमटी वाले आदि ने उन्हें हटाए जाने का आज विरोध किया तथा नगर निगम के खिलाफ धरना देते हुए नारेबाजी की। चंद घंटे धरने के बाद लोगों ने धरना समाप्त कर दिया, लेकिन नाराजगी कायम थी। लोगों का कहना है कि विश्वास में लिए बिना छोटा-छोटा व्यवसाय करने वालों के साथ तानाशाही तरीके से व्यवहार किया जा रहा है। त्रिवेणी मेला क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं को बैठाने का निर्णय भी औचित्यहीन नजर आ रहा है। इसका स्वयं महारुद्र यज्ञ समिति ने कलेक्टर से मिलकर विरोध जताया है।

स्वदेश

4-5-22

# सुभाष कॉम्प्लेक्स में युवक का शव मिला
# हाथ में धंसी सीरिंज, खाली शीशियां भी मिलीं

- ड्रग्स के ओवरडोज़ से मौत की आशंका, पुष्टि बाकी
- हाल ही में छूटा था जेल से



रतलाम » दबंग रिपोर्टर 4-5-22

शहर के सुभाष कॉम्प्लेक्स में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने के बाद से ड्रग्स कारोबार को लेकर नया सवाल खड़ा हो गया है। सुभाष कॉम्प्लेक्स की खाली पड़ी दुकानों और गलियारों के बीच एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक के हाथ में सीरिंज धंसी हुई और पीछे इंजेक्शन लटक रहा था। पास ही कई छोटी-छोटी शीशियां पड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत ड्रग्स को ओवरडोज के कारण हुई है। ऐसे में अब फिर से ड्रग्स के कारोबार को लेकर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार महू रोड स्थित सुभाष कॉम्प्लेक्स लंबे समय से खाली पड़ा है। यहीं पर मंगलवार सुबह नगर निगम के कर्मचारियों ने ही एक शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास शुरु किए तो जानकारी मिली कि मृतक का नाम शहजाद पिता छोटे खान है जो नागदा निवासी था। लगभग 35 वर्षीय शहजाद आदतन अपराधी था और हाल ही में अजमेर जेल से छूटा था। रतलाम में भी आपराधिक प्रकरण उसके खिलाफ दर्ज है। आशंका जताई जा रही है कि छूटने के बाद ड्रग्स का आदि होने पर शहजाद ने रतलाम आकर ड्रग्स का डोज सीरिंज से खुद को दिया। लेकिन तलब के कारण संबवतः ओवरडोज ले लिया जिससे मौत हो गई। शव के पास पड़ी खाली शीशीयों और हाथ में धंसी सीरिंज से भी ऐसी आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस की जांच पूरी होने पर और विस्तृत पीएम रिपोर्ट सामने आने पर ही होगी।

## कानून व्यवस्था पर सवाल

पिछले 5 दिनों में रतलाम जिले में लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं जो पुलिस और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। गांधीनगर में गोलीकांड, बाजना में हत्या के बाद सुभाष कॉम्प्लेक्स में मिले शव ने भी सवाल बढ़ा दिए हैं। यदि हत्या का मामला निकलता है तो भी रात भर चलने वाली सड़क पर ऐसा होना अस्वभाविक है। दूसरी ओर ड्रग्स के ओवरडोज का मामला निकलता है तो ड्रग्स की बिक्री और परिवहन को लेकर कई सवाल सामने आ रहे हैं।

दबंग इंडिया
4-5-22

# फल-सब्जी विक्रय हेतु त्रिवेणी मेला परिसर के स्था

## - 5 मई से तय 4 स्थानों पर ही होगा फल-सब्जी का विक्रय - सब्जी-फल विक्रेता निर्धारित स्थल

प्रसारण न्यूज * रतलाम

यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किए जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम नगर में 5 मई से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय करना पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाकर नगर में फल-सब्जी विक्रय हेतु 4 स्थान तय किए गए है, जिसके तहत त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी का विक्रय किया जा सकेगा।

सनातन धर्मसभा व महारूद्र यज्ञ समिति द्वारा फल-सब्जी विक्रय हेतु त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर अन्य स्थल तय किए जाने की मांग की जा रही थी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आज अध्यक्ष



कन्हैयालाल मौर्य के साथ त्रिवेणी क्षेत्र का निरीक्षण किया व त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु स्थल तय किया गया। स्थल चयन के बाद नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन में फल-सब्जी विक्रेताओं हेतु 4 बाय 4 के ब्लॉक हेतु चुने की लाईन डली। फल-सब्जी का विक्रय सैलाना ब्रीज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, विनोबा नगर ग्रीड के पास व त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने चिन्हित किए गए है, जहां फल-सब्जी विक्रेता फल व सब्जी का विक्रय कर सकेगें। जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर सब्जी एवं फल का व्यवसाय करने वाले सभी दुकानदार उक्त स्थानों पर अपना स्थान निर्धारित कराने हेतु अपना फोटो एवं वैध परिचय पत्र सहित त्रिवेणी रोड कल्याण नगर में 5 मई 22 को सुबह 8 बजे पंजीयन करवाएं। 5 मई से सड़क एवं फुटपाथ पर सब्जी एवं फल का व्यवसाय पूरी तरह अवैधानिक होगा तथा निर्देश का उल्लंघन करने पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। प्रसारण

प्रसारण।
4-5-22

# ी विक्रय हेतु त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर त्रिवेणी रोड़ तय

## ्थानों पर ही होगा फल-सब्जी का विक्रय - सब्जी-फल विक्रेता निर्धारित स्थल पर व्यवसाय हेतु अपना पंजीयन करवाएं

ु जाने
तम के
न एवं
फल-
जाकर
ए गए
न पर
ी का

द्वारा
स्थान
ी थी।
ध्यक्ष



कन्हैयालाल मौर्य के साथ त्रिवेणी क्षेत्र का निरीक्षण किया व त्रिवेणी रोड़ कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु स्थल तय किया गया। स्थल चयन के बाद नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन में फल-सब्जी विक्रेताओं हेतु 4 बाय 4 के ब्लॉक हेतु चुने की लाईन डली। फल-सब्जी का विक्रय सैलाना ब्रीज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, विनोबा नगर ग्रीड के पास व त्रिवेणी रोड़ कल्याण नगर के सामने चिन्हित किए गए है, जहां फल-सब्जी विक्रेता फल व सब्जी का विक्रय कर सकेगें। जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर सब्जी एवं फल का व्यवसाय करने वाले सभी दुकानदार उक्त स्थानों पर अपना स्थान निर्धारित कराने हेतु अपना फोटो एवं वैध परिचय पत्र सहित त्रिवेणी रोड़ कल्याण नगर में 5 मई 22 को सुबह 8 बजे पंजीयन करवाएं। 5 मई से सड़क एवं फुटपाथ पर सब्जी एवं फल का व्यवसाय पूरी तरह अवैधानिक होगा तथा निर्देश का उल्लंघन करने पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। प्रभारक

## नेशनल लोक अदालत 14 मई को होगी आयोजित

**रतलाम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 14 मई शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपए 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपए 10 हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट।

4-5-22

प्रभारक।
4-5-22

# बसों में यात्रियों के सामान के अलावा अन्य सामग्री लदान न हो : कलेक्टर

## हादसे के बाद टीएल बैठक में दिए चेकिंग के निर्देश, सामान की ओवरलोडिंग पर जताई नाराजगी

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9826486291

7-5-22



बसों में सामान की ओवरलोडिंग पर सख्त निगरानी की जाए। यात्रियों के सामान के अलावा अन्य सामग्री का लदान बस की छत पर नहीं हो सुनिश्चित करें। जिले से गुजरने वाली लंबी दूरी की बसों को भी चेक करें। बीती रात इंदौर-जयपुर बस का रतलाम के ढोढर के समीप हुए हादसे के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ये निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी दीपक माझी को निर्देशित किया कि बसों के परमिट भी चेक करें।

निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर में नगर निगम के 700 से ज्यादा नलकूप हैं। इनमें से कई स्थानों पर नलकूपों पर कतिपय व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण अथवा कब्जा कर लिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नलकूपों पर से अतिक्रमण हटाए जाएं। जिन्होंने अतिक्रमण अथवा कब्जा किया है उनके विरुद्ध पुलिस थाने में एफआईआर कराई जाए । मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले में भी निर्मित किए जाने वाले जल सरोवरो के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बताया गया कि रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 17 सरोवर बनेंगे बाजना क्षेत्र में 34 तथा सैलाना में 17 सरोवर बनाए जाएंगे जिले के अन्य क्षेत्रों में भी संख्या निर्धारित की गई है। बैठक में अपर कलेक्टर एम एल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े ,एसडीएम राजेश शुक्ला, कृतिका भीमावद ,निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे।

### नगर पालिका अधिकारियों को भेजें शो कॉज नोटिस

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध भी कार्रवाई सतत जारी रखने के निर्देश दिए । स्कूलों में बच्चों के वैक्सीनेशन की समीक्षा की । अब तक 70 प्रतिशत बच्चों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है । शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की। जिला शिक्षा अधिकारी शर्मा द्वारा कार्य को गंभीरता से नहीं लेने पर नाराजगी व्यक्त की । नगर पालिकाओं की समीक्षा के दौरान कार्य में रुचि नही लेने पर बड़ावदा तथा धामनोद के नगर पालिका अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

पिपुल्स 4-5-22

# अमृतसागर के आसपास अतिक्रमण हटाने की तैयारी

## मुहिम ● गुमटी संचालकों ने दिया धरना, 12.43 करोड़ से होना हैं विकास कार्य

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अमृत सागर तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन परियोजना में तालाब क्षेत्र का सुंदरीकरण व अन्य कार्य 12.43 करोड़ रुपये की लागत से किए जाना है। इसके लिए नगर निगम अब तालाब के आसपास अतिक्रमण हटाने की तैयारी कर रहा है। तालाब के त्रिपोलिया गेट, गढ़कैलाश मार्ग पर लगी गुमटियों को हटाने की मौखिक सूचना निगम अमले ने दे दी है। इस पर मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे सभी गुमटी संचालक धरने पर बैठ गए और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप क्षेत्र में अन्य स्थान पर स्थान देने की मांग की।

मालूम हो कि कुल 22.84 करोड़ लागत के प्रोजेक्ट की स्वीकृति के बाद प्रथम किस्त के रूप में 6.85 करोड़ रुपये का अनुदान मिलने के बाद नगर निगम ने तालाब में जलकुंभी साफ करने के लिए एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन लगाई है। इसके साथ ही अब अन्य काम करने के लिए भी टेंडर जारी किए गए हैं। इसके लिए तालाब की पाल व पास के क्षेत्र को खाली कराया जाएगा। यहां 100 से अधिक गुमटियां, दुकान संचालित की जा रही है। हटाए जाने की सूचना पर कलेक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में सत्यनारायण भाटी, प्रकाश भगौरा, प्रवीण चौहान, सोनू सेन, गणेशलाल प्रजापत, संजय वर्मा, नरेंद्र अग्रवाल आदि ने अवगत कराया कि वर्षों से त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में सभी व्यवसाय कर रहे हैं। निगम की कार्रवाई से जीवन यापन का संकट खड़ा हो जाएगा। अन्यत्र उचित स्थान दिया जाए। धरने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और समझाइश देकर धरना समाप्त कराया।



त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में धरना देते हुए गुमटी संचालक। ● नईदुनिया

4-5-22

### तालाब विकास की योजना में यह काम होंगे

- 1.105 करोड़ रुपये से तालाब की स्टोन पिचिंग एवं गेबियन वाल निर्माण।
- 48.56 लाख रुपये से बोहरा बाखल से मिलने वाले नाले का डायवर्सन।
- 2.239 करोड़ रुपये की लागत से कंसट्रक्टेड वेटलैंड बनाना।
- 2.37 करोड़ रुपये से पेरिफेरल सेनिटेशन एवं वाटर सप्लाई।
- 02 टायलेट ब्लाक, इलेक्ट्रिक कनेक्शन, सीसीटीवी कनेक्शन।
- 1.462 करोड़ रुपय से तालाब के चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण।
- 4.41 करोड़ से इंट्रेंस गेटवे, पेरिफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबों, रेस्ड गार्डन आदि कार्य।

नई दुनिया
4-5-22

# कल से शहर में चार स्थानों पर बिकेगी फल-सब्जी

**सुविधा** ● त्रिवेणी मेला परिसर की बजाय कल्याण नगर में लगेगी मंडी

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में सड़क किनारे सब्जी, फल बेचने वालों को अब तय चार स्थानों पर ही व्यापार करना होगा। कल से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित करने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर गुरुवार से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी का विक्रय किया जा सकेगा।

सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा फल-सब्जी विक्रय के लिए त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर अन्य स्थल तय करने की मांग की थी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार को समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य के साथ त्रिवेणी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय स्थल तय किया गया। स्थल चयन के बाद नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन में फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए 4 बाय 4 के ब्लाक तय कर चूने की लाइन डाली।



त्रिवेणी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया। ●नईदुनिया

फल-सब्जी का विक्रय सैलाना ब्रीज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, विनोबा नगर ग्रीड के पास व त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने चिन्हित किए गए हैं।

4-5-22

## आज से होगा पंजीयन

शहर में करीब 600 फल-सब्जी विक्रेता हैं। जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर सब्जी एवं फल का व्यवसाय करने वाले सभी दूकानदारों को अपना स्थान निर्धारित कराने के लिए अपना फोटो एवं वैध परिचय पत्र सहित त्रिवेणी रोड कल्याण नगर में बुधवार सुबह 8 बजे से पंजीयन करवाना होगा। मालूम हो कि कलेक्टर ने टीएल में निर्देशित किया था कि 24 अप्रैल से सभी सब्जी, फल विक्रेता शहर में विक्रय नहीं करेंगे। इस निर्णय के बाद त्रिवेणी में सब्जी मंडी स्थानांतरित करने का विरोध भी होने लगा। व्यवस्था तय करने में कुछ समय लगने से अब पांच मई से इसे लागू किया जा रहा है। वास्तविक लोगों को ही सब्जी विक्रय के लिए स्थान देने के लिए जोनवार वीडियो रिकार्डिंग के साथ ही विक्रेताओं, व्यापारियों के फोटो भी लिए गए हैं।

## नेशनल लोक अदालत 14 को

**रतलाम।** मध्यप्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मई को किया जाएगा। आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों को निराकरण होगा।

नईदुनिया
4-5-22

**शहर में जलसंकट** • धोलावड़ डेम में भरपूर पानी लेकिन नगर निगम का जलप्रदाय सिस्टम सालों पुराना, जरूरत के हिसाब से अपग्रेड नहीं किया

# पानी लिफ्ट करने की क्षमता बढ़ाए बगैर 47 कॉलोनियां जोड़ीं, 10 में बल्क कनेक्शन दे दिए, नतीजा : मांग-आपूर्ति में 6 एमएलडी का अंतर

## 15 से ज्यादा जलसंकट ग्रस्त इलाकों में 2 व 3 तीन हजार लीटर वाले टैंकरों से बांटना पड़ रहा पानी

**भास्कर एनालिसिस**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

धोलावड़ डेम में तो डेढ़ से दो साल का (384.79 मीटर) पानी स्टोर है बावजूद शहर में जलसंकट गहरा रहा है। दरअसल नगर निगम का जलप्रदाय सिस्टम सालों पुराना है। उस पर भी सिस्टम को अपग्रेड करने पानी लिफ्ट करने की क्षमता बढ़ाए बगैर अफसर धड़ल्ले से नए इलाकों को जोड़ते जा रहे हैं। दो सालों में शहर की लगभग 47 छोटी-बड़ी कॉलोनियों को पाइप लाइन से जोड़ने के साथ ही निगम ने 10 बल्क कनेक्शन भी डे डाले है। नतीजा भरचक गर्मी में पानी की जरूरत तो 35-36 एमएलडी तक जा पहुंची है, लेकिन डेम के दोनों इंटकवेल मिलकर भी सिर्फ 30-31 एमएलडी पानी ही लिफ्ट कर पा रहे हैं। इसका खामियाजा जनता के साथ जल प्रदाय विभाग के स्टाफ को भी भुगतना पड़ रहा है, जो 24 घंटे जुटकर पानी सप्लाई का इंतजाम कर रहे हैं।

वर्तमान में 16 से ज्यादा इलाकों में पानी की मारामारी मची है। अभी तो निगम 2 से 3 हजार लीटर वाले टैंकरों से पानी बांट रहा है। मई और जून में मांग और आपूर्ति का अंतर बढ़ने पर हालत और ज्यादा बिगड़ सकते हैं। ताज्जुब यह कि लगभग हर साल की इस समस्या का निगम अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं खोज पाया है। गर्मी में हर बार अफसर निराकरण का दावा जरूर करते हैं जो बारिश आते ही भूल जाता है।



धोलावड़ डेम में 384.50 मीटर पानी है लेकिन जलस्तर जेकवेल से उतरने पर समस्या बढ़ गई है।

### सिस्टम की बड़ी खामियां

- **नया इंटकवेल** - इसके गलत जगह बनने का पता चलने पर भी लोकेशन बदलना तो दूर निगम योजना तक नहीं बना पाया।
- **लापरवाही** - पानी की कमी होने पर भी नमकीन क्लस्टर, इप्का और मेडिकल कॉलेज को सप्लाई दे रखी है।
- **लीकेज** - पिछले साल 280 से ज्यादा छोटे-बड़े लीकेज सुधारे गए थे, इस बार ऐसा कोई अभियान ही नहीं चला।
- **स्टाफ** - 55 प्रतिशत कम, सिर्फ दो इंजीनियरों के सहारे चल रहा, जलप्रदाय के लिए भर्ती किए नए इंजीनियर दूसरे विभागों में काम कर रहे।
- **इंतजाम** - एक भी एक्स्ट्रा पंप नहीं है, चार माह पहले 306 एचपी के मोटर पंप का ऑर्डर दिया था, वह अब तक नहीं आया।
- **अवैध कनेक्शन** - बड़ी संख्या में अवैध कनेक्शन हैं, दो माह में जलप्रदाय अमले ने 77 से ज्यादा काटे, फिलहाल मुहिम बंद।

### शहर में ऐसे बंटता है पानी

- धोलावड़ डेम से पानी लिफ्ट करने दो इंटकवेल हैं। एक पुराना और दूसरा नया है।
- इनमें लगे 1030 एचपी के चार पंप 24 घंटे पानी लिफ्ट कर फिल्टर प्लांट पहुंचाते हैं।
- मोरवानी फिल्टर प्लांट से पानी करके 36 टंकियों को भरा जाता है।
- एक दिन छोड़कर शेड्यूल टंकियों से पानी सप्लाई होता है। 4-5-22
- इसके अलावा ऋतुराज पंप से पटरी पार और डेम की मुख्य लाइन से कस्तूरबानगर, प्रतापनगर, शास्त्रीनगर और चांदनीचौक के कुछ क्षेत्रों में बूस्टिंग कर सीधे भी पानी दिया जाता है।

### पानी पहुंचाने वाले इंटकवेल की ये है स्थिति

- पुराना - यह 1984 में बना था, धोलावड़ डेम की मुख्य पाल के सहारे सटीक जगह बने होने से इससे गर्मी में भी पानी नहीं उतरता। तीन मोटर पंप लगे हैं। दो 306 एचपी और एक 170 एचपी का है। इनमें से दो 24 घंटे चलते हैं। स्थापना के समय क्षमता 22.5 एमएलडी की थी, जो 38 साल में घटकर 14-15 एमएलडी रह गई है।
- नया - यह यूआईडीएसएसएमटी योजना में 2012-13 में बना था। इंजीनियरों की गलती से गलत लोकेशन पर बन गया। इसलिए फरवरी में ही डेम का पानी उतर जाता है। इंटकवेल में 250 एचपी के तीन वर्टिकल टर्बाइन पंप लगे हैं। इसमें दो 24 घंटे चलते हैं, एक स्पेयर में रखा जाता है।

### ऐसे हल हो सकती है समस्या

- अभी 48 घंटे के अंतराल से सप्लाई दी जा रही है। इसे बढ़ाकर 60 घंटे कर दिया जाए।
- ज्यादा पानी लिफ्ट करने के लिए दोनों इंटकवेल पर अतिरिक्त पंप लगा दिए जाए।
- नया इंटकवेल जो गलत लोकेशन पर बना है, उसे डेम में वर्तमान जगह से लगभग 600 मीटर अंदर बनाया जाए।
- जल्द व्यवस्था बने तो, कनेरी डेम और गुणावद से 20 से 21 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिल सकता है।

आर.एम. सक्सेना, पूर्व जलप्रदाय इंजीनियर

### सीधी बात

मो. हनीफ शेख,
सिटी इंजीनियर-जलप्रदाय विभाग

**सवाल** - शहर में जलसंकट की स्थिति बढ़ती जा रहा है क्यों?

**जवाब** - शहर का दायरा बढ़ता जा रहा है। गर्मी में डिमांड बढ़ गई है। उस पर एक साल में 10 से 12 कॉलोनियों में लाइन जुड़ी है। लोग मोटर से पानी खींच लेते हैं।

**सवाल** - पर्याप्त सप्लाई के लिए क्या कदम उठा रहे हैं?

**जवाब** - 24 घंटे टंकियों को भरकर सप्लाई कर रहे हैं, कोशिश है कि शेड्यूल के अनुसार हर दिन पानी दें।

**सवाल** - साधन-संसाधन पुराने हैं, सिस्टम को अपग्रेड करने की योजना है क्या?

**जवाब** - बिलकुल, अमृत-दो योजना में नए इंटकवेल की लोकेशन बदलने, दोनों इंटकवेल पर ज्यादा क्षमता के पंप समेत अन्य जरूरी संसाधनों को भी अपग्रेड करेंगे। इससे शहर तक 60 एमएलडी तक पानी पहुंचने लगेगा।

**सवाल** - कब तक जलप्रदाय व्यवस्था सुधर जाएगी?

**जवाब** - अभी से कोशिश शुरू कर दी है, सबकुछ योजनाबद्ध तरीके से हुआ तो अगले साल समस्या नहीं आएगी।

भास्कर 4-5-22

# लगातार एक्शन में कलेक्टर : ओवरलोडिंग बसों के खिलाफ चलेगा अभियान

## शहर में नलकूपों पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध होगी एफआईआर, लापरवाही पर दो नगर पालिका अधिकारियों को शो कॉज नोटिस



**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम लगातार एक्शन मोड में बने हुए है। गड़बड़ी पर कार्रवाई का मामला हो या फिर आमजनता की तकलीफ या समस्या को हल करवाने। कलेक्टर सभी मामलों में तत्काल कार्रवाई कर रहे है। बिती रात हुए बस हादसे के बाद आज समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी श्री माझी को निर्देशित किया कि बसों में सामान की ओवरलोडिंग पर सख्त निगरानी की जाए। यात्रियों के सामान के अलावा अन्य सामग्री का लदान बस की छत पर नहीं हो सुनिश्चित करें। जिले से गुजरने वाली लंबी दूरी की बसों को भी चेक करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने बसों के परमिट भी चेक करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों की समीक्षा भी की गई। निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर में नगर निगम के 700 से ज्यादा नलकूप है। इनमें से कई स्थानों पर नलकूपों पर कतिपय व्यक्तियो द्वारा अतिक्रमण अथवा कब्जा कर लिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नलकूपों पर से अतिक्रमण हटाए जाएं। जिन्होंने अतिक्रमण अथवा कब्जा किया है उनके विरुद्ध पुलिस थाने में एफआईआर कराई जाए। बैठक मेंअपर कलेक्टर एम एल आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे। अपनी दुनिया

**नगर पालिका अधिकारियों को शो कॉज नोटिस**-कलेक्टर ने सभी एसडीएम को झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध भी कार्रवाई सतत जारी रखने के निर्देश दिए। स्कूलों में बच्चों के वैक्सीनेशन की समीक्षा की। अब तक 70 प्रतिशत बच्चों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की। जिला शिक्षा अधिकारी श्री शर्मा द्वारा कार्य को गंभीरता से नहीं लेने पर नाराजगी व्यक्त की। नगर पालिकाओं की समीक्षा के दौरान कार्य में रुचि नहीं लेने पर बड़ावदा तथा धामनोद के नगर पालिका अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी में अधिकारियों द्वारा तय समय सीमा में कार्य नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। लोक सेवा प्रबंधन द्वारा फाइल प्रस्तुत नहीं करने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि क्या सभी अधिकारी तय समय सीमा में कार्य कर रहे हैं ।अब तक के जुर्माने के लिए फाइल प्रस्तुत क्यों नहीं की गई है। निर्धारित अवधि में कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जुर्माना किया जाएगा साथ ही उनकी गोपनीय चरित्रावली में भी प्रविष्टि की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार पटवारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराए जाने की धीमी प्रक्रिया पर कलेक्टर द्वारा लगभग सभी तहसीलदारों के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। जिला खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई । 3-5-21

अपनी दुनिया

4.5-32

त्रिपोलिया गेट पर करीब दो घंटे तक चला धरना, आज कलेक्टर को देंगे ज्ञापन

# त्रिपोलिया गेट से गुमटी हटाने के दिए निर्देश धरने पर बैठ गए 200 से अधिक गुमटीधारी



पत्रिका सिटी इश्यू


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

4-5-22

**रतलाम.** शहर के त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में गुमटीधारियों को गुमटी हटाए जाने के निर्देशों से यह लोग खफा हो गए। नगर निगम के द्वारा ऑटो के माध्यम से अनाउंसमेंट करके एक दिन में जगह खाली करने की बात कही थी। इस बात से नाराज होकर करीब 200 से अधिक गुमटीधारियों ने यहीं सड़क किनारे धरना दे दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और इन लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन नहीं माने। करीब दो घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद यह लोग उठे और बुधवार को कलेक्टर को ज्ञापन देंगे।

दरअसल क्षेत्र का विकास किए जाने को लेकर नगर निगम द्वारा क्षेत्र में लगी गुमटियों को हटाए जाने के लिए बीते दो दिन से ऑटो के माध्यम से अनाउंसमेंट कराया जा रहा है। मंगलवार को भी अनाउंसमेंट किया गया था। गुमटीधारियों की मानें तो उन्हें यहां से हटाए जाने के लिए लिखित में कोई सूचना नहीं दी। अनाउंसमेंट में भी कहा है कि यदि एक दिन में गुमटी नहीं हटाई तो जेसीबी के माध्यम से हटा दिया जाएगा। बस इसी बात को लेकर सभी लोग नाराज हो गए और धरने पर बैठ गए।

## इन गुमटियों को हटाने के निर्देश



## जगह देने की मांग

गुमटीधारियों ने धरने के दौरान उन्हें यहां से हटाए जाने के बाद अन्यत्र स्थान पर दुकान लगाए जाने के लिए स्थान की मांग की गई है। मांग पत्र बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दिया जाएगा। वे लोग करीब 50 साल से यहां काम कर रहे हैं। अब अचानक से इस तरह से हटाया जाना गलत है।

## दो घंटे तक डटे रहे

प्रदर्शनकारी यहां पर करीब दो घंटे तक सड़क किनारे धूप में बैठकर अपनी मांगों के संबंध में चर्चा करने के लिए अधिकारियों का इंतजार करते रहे लेकिन पुलिस के अतिरिक्त यहां पर कोई नहीं पहुंचा। करीब दो घंटे बाद सभी लोग यहां से उठ गए और अब कलेक्टर से मिलकर उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराने की बात कही। इस पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

पत्रिका
4-5-22



# कार्य में देरी पर ठेकेदारों को फटकार, ढिलाई बरतने पर कार्तिकेयन कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध एक लाख रुपैया पेनल्टी

स्वप्रांत रोशन 3-5-22

रतलाम । कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार को सिविक सेंटर सभागृह में नगर निगम द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की कलेक्टर ने कार्यों में देरी, समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने पर ठेकेदारों को फटकार लगाई, हद से भी ज्यादा ढिलाई बरतने पर ठेकेदार अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन राहुल पाटीदार को 5 वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्तिकेय कंस्ट्रक्शन चंदन ठेकेदार पर एक लाख रुपया की पेनल्टी लगाई। कलेक्टर द्वारा नगर निगम के इंजीनियर्स द्वारा ढीली ढाली मॉनिटरिंग पर भी सख्त नाराजगी व्यक्त की गई, बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख सुरेश व्यास तथा ठेकेदार आदि उपस्थित थे बताया गया कि ठेकेदार अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन द्वारा सेठ जी का बाजार में सीसी रोड नाली पेवर ब्लॉक इत्यादि 50 लॉख रुपए लागत के निर्माण कार्यों में अत्याधिक देरी की जा रही है कलेक्टर ने कहा कि अनावश्यक देरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ठेकेदार को 5 वर्षों के लिए ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। यह ठेकेदार मात्र नगर निगम ही नहीं बल्कि अन्य विभागों में भी कार्य नहीं कर पाएगा। इसी प्रकार कार्तिकेय कंस्ट्रक्शन द्वारा भी कार्य नहीं करने पर उसके विरुद्धएक लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निगमायुक्त को स्पष्ट निर्देश दिए कि ठेकेदार की क्षमता के अनुसार कार्य दिया जाए। यदि वह कार्य नहीं कर पाता है तो शहर का नुकसान होता है। बाजार क्षेत्र में कार्यों में देरी से व्यापारी परेशान होते हैं। समीक्षा में देखने में आया कि कार्तिकेय कंस्ट्रक्शन का टर्नओवर 70 लॉख रुपए का है। परंतु उसके पास दो करोड़ रुपए के कार्य हैं उसकी क्षमता से ज्यादा कार्य उसको दिए गए हैं। कलेक्टर ने यह भी कहा कि ठेकेदार द्वारा टेंडर होते ही कार्य शुरू कर देना चाहिए अनुबंध के चक्कर में अनावश्यक रूप से देरी नहीं की जाए।

स्वप्रांत रोशन
3-5-23

# नगर निगम द्वारा त्रिपोलिया गेट की गुमटियां हटाने की धमकी के खिलाफ तपती दोपहर में धरने पर बैठे महिला-पुरुष

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

त्रिपोलिया गेट के बाहर बरसों से गुमटियां लगाकर व्यवसाय कर रहे सैंकड़ों महिला-पुरुष आज तपती दोपहर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी महिला-पुरुष नगर निगम द्वारा गुमटियां हटाने की धमकी दिए जाने के खिलाफ धरने पर बैठे है।

त्रिपोलिया गेट के बाहर बरसों से अनेक गुमटियां लगी हुई है, जिनमें छोटे व्यवसायी विभिन्न व्यवसाय करते है। नगर निगम द्वारा इन गुमटी धारकों से किराया भी वसूल किया जाता है, लेकिन दो दिन पूर्व अचानक नगर निगम के कर्मचारियों ने वहां पहुंच कर गुमटी धारकों को अपनी गुमटियां हटा लेने का फरमान सुना दिया।



निगम कर्मचारियों ने गुमटी धारकों को धमकी दी कि यदि उन्होंने गुमटियां नहीं हटाई तो नगर निगम द्वारा इन पर बुलडोजर चलवा दिया जाएगा।

नगर निगम द्वारा दी गई समय सीमा आज समाप्त हो गई। इस दौरान गुमटीधारकों ने निगम आयुक्त से मिलकर अपना पक्ष रखने की भी कोशिश की गई, लेकिन वे निगम आयुक्त से मिल ही नहीं पाए।

आखिरकार सभी गुमटी धारक दोपहर करीब एक बजे चिलचिलाती धूप में धरने पर बैठ गए। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल है।

गुमटी धारकों के धरने से इलाके की यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई। धरने की जानकारी मिलने पर पुलिस बल भी मौके पर पंहुच गया। प्रदर्शनकारी नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात किए बगैर प्रदर्शनकारी धरना समाप्त करने को तैयार नहीं है। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था।

प्रसारण
4-5-22

# ईद का पर्व परंपरागत उत्साह के साथ मनाया

प्रसारण न्यूज • रतलाम

4-5-22

नगर में ईद का पर्व परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया। शहर की विभिन्न ईदगाहों पर मुस्लिम समाजजनों ने ईद की नमाज अता की। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा एस पी अभिषेक तिवारी विभिन्न ईदगाहों पर पहुंचे। दिलीप नगर ईदगाह पर समाजजनों से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, इससे पूर्व कलेक्टर तथा एस पी ईदगाह पहुंचे, शहर काजी से मुलाकात की।

ईदगाह पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, सी एस पी हेमंत चौहान, एस डी एम राजेश कुमार, तहसीलदार गोपाल सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए पी सिंह सहित अमला मौजूद था। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पत्रकार मुबारिक शेरानी, एडवोकेट सुनील पारिख, जोएब आरिफ, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी आदि ने शहर काजी से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।



भाजपा दीनदयाल मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी ने ईदुल फितर की नमाज अदा करने के बाद पुरानी ईदगाह पर शहर काजी साहब को मुबारकबाद दी। भाजपा दीनदयाल मण्डल पदाधिकारियों के साथ इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मंसूर जमादार मुबारिक शेरानी वाजिद खान, सलीम भाई शूटर, यूसुफ खान अजहर मंसुरी इलियास भाई आदि मौजूद रहे।



अमन और खुशी के त्योहार ईद के मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में ईदगाह पहुंचकर सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। शहर काजी अहमद अली साहब का पुष्पमाला से स्वागत कर बधाई दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत व्यास, प्रवक्ता जोयब आरिफ सदभावना प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील पारिख, इक्का बेतूत, जाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रसारण
4-5-22

# 75 मॉइक्रान से कम मोटाई की पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

## स्वच्छता संबंधी शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 14420 उपलब्ध

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाए जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। 4-5-22

रतलाम नगर के समस्त प्लास्टिक (पॉलिथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।



सफाई से संबंधित शिकायतों के लिए नगर-निगम रतलाम के टोल फ्री नंबर 14420 पर शिकायत दर्ज कराएं। अपने मोबाइल में स्वच्छ एप डाउनलोड कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। निर्माण एवं विध्वंस सामग्री उठवाने के लिए भी टोल फ्री नंबर पर सूचना देवें। शिकायतों का निराकरण 24 घंटे में किया जाएगा।

नागरिक व व्यापारी घरों, दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में 4 प्रकार के डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें। इनमें सूखा कचरा, गीला कचरा, सेनेटरी वेस्ट एवं हानिकारक अपशिष्ट अलग-अलग डस्टबिन में ही रखें एवं अलग-अलग 4 प्रकार का कचरा सफाई गाड़ी में ही अलग-अलग डालें। खुले स्थान में कचरा फेंक कर सड़क, नाला,नाली एवं वॉटर बाडी गंदा करने वालों पर जुर्माना लगाया जाकर दंडित किया जाएगा।

स्वदेश

4-5-22

नगर निगम ने दुकान आवंटन के लिए चयनित स्थानों पर की लाइनिंग, फल-सब्जी वालों का होगा पंजीयन

# कल से सड़क पर फल-सब्जी बेचना प्रतिबंधित, प्रशासन ने

पत्रिका
पब्लिक कनेक्ट

रतलाम. शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने फल और सब्जी विक्रेताओं के लिए चार स्थान तय कर दिए हैं। उसके तहत अब 5 मई से फल और सब्जी विक्रेता शहर में कहीं पर भी सड़क नहीं बैठ सकेंगे। इनके लिए नगर निगम द्वारा तय किए गए स्थानों पर लाइनिंग भी कर दी गई है और अब दुकान आवंटन के लिए पंजीयन की प्रक्रिया भी होगी।

यातायात को व्यवस्थित किए जाने के लिए कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम नगर में नई व्यवस्था 5 मई गुरुवार से लागू की जा रही है। ऐसे में अब जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय करना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नगर में फल-सब्जी बेचने के लिए चार स्थान तय किए गए हैं, अब सिर्फ इन्हीं स्थानों पर फल और सब्जियां बेच सकेंगे।

## विक्रेताओं को त्रिवेणी रोड पर दी जगह

निगम प्रशासन द्वारा त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी का विक्रय के लिए स्थान तय किया है। सनातन धर्मसभा व महारूद्र यज्ञ समिति द्वारा फल-सब्जी विक्रय के लिए त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर अन्य स्थल तय किए जाने की मांग की जा रही थी। इस पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार को अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य के साथ



4-5-22

पत्रिका 4-5-22

नेशनल लोक अदालत 14 मई को

# निगम के करों की बकाया राशि जमा कर पेनल्टी में छूट का लाभ लें

## बकायादार 2 स्थानों पर जमा करा सकेंगे बकाया राशि

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्ति कर व जल कर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 14 मई को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्ति कर व जल कर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। 7-0521 4-5-22

आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी तथा जल कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10,000 रुपए तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपए से अधिक तथा 1 लाख रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जल कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रु. से अधिक तथा 50 हजार रु. तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 1 लाख रु: अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जल कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50 हजार रु. से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट। उक्त छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी। यह छूट वर्ष 2021-22 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र 14 मई की नेशनल लोक अदालत के लिए मान्य होगी।

7-0521

4-5-22

दो दर्जन जिलों का परफॉर्मेंस बिगड़ा, कई जिलों में इंजीनियर खाली बैठे

# जल, स्वच्छता और प्रॉपर्टी टैक्स लेने में पीछे रहने से विकास कार्य अटके


पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल

मो.नं. 9425174141


सरकार का राजस्व बढ़ाने के लिए प्रदेश की 23 हजार ग्राम पंचायतों को जल, स्वच्छता और प्रापर्टी टैक्स वसूलने के अधिकार हैं लेकिन अफसरों की ढिलाई के चलते दो दर्जन से अधिक जिले टारगेट पूरा नहीं कर पा रहे हैं। वहीं विभिन्न ग्रामीण योजनाओं के अन्तर्गत मंजूर किए गए लाखों की संख्या में कार्य गति नहीं पकड़ रहे हैं। सतना सहित दर्जनभर ऐसे जिले हैं जो डेढ़ साल से अन्य जिलों से पीछे बने हुए हैं।

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतें महज 16 प्रतिशत तक ही संपत्ति कर की वसूली कर पा रही हैं। जबकि स्वच्छता कर वसूलने का प्रतिशत 17 है। उधर, विभाग के अन्तर्गत संचालित 9 प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिकांश जिले बी से डी श्रेणी के ग्रेड में हैं। मनरेगा के अन्तर्गत प्रदेशभर में दस लाख से अधिक कार्य प्रगतिरत हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता पर अमृत सरोवर हैं। हर जिले में 75 सरोवर बनाने का प्लान है। जिलों से मिल रही जानकारी के अनुसार कई जिलों में काम की गति धीमी बनी हुई है।

**सतना जिला हर काम में पीछेः** सतना जिला पिछले डेढ़ साल से अपना स्थान टॉप-10 में नहीं बना पा रहा है। मार्च माह की आई ग्रेडिंग रिपोर्ट में सतना जिला लगभग सभी योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन में पीछे है। सीएम हेल्पलाइन में एक ग्रेड मिला है लेकिन एसआरएलएम, नरेगा, पीएम आवास, एमडीएम और पंचायत के कार्यों में बी से डी ग्रेड में है। मनरेगा में रोजगार दिलाने, समय पर भुगतान, वर्क मैनेजमेंट और प्लानिंग में 48वें स्थान पर है। सीधी सबसे अंतिम पायदान पर है। स्वच्छ भारत मिशन में सतना 39वें स्थान पर है। पीएम आवास में 31वें नम्बर, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अभियान में सतना 47वां और पंचायतराज मामले में 50वें स्थान पर है।

## प्रदेशभर में पानी, स्वच्छता और संपत्ति कर वसूली का प्रतिशत




| कर प्रकार | उपलब्धि % |
|---|---|
| जल | 22.79 |
| स्वच्छता | 17.41 |
| संपत्ति कर | 16.44 |

### 9 योजनाओं में 11 जिलों को ए ग्रेड

विभाग द्वारा जारी ग्रेडिंग रिपोर्ट में 'ए प्लस' ग्रेड पाने वाले जिले भोपाल, इंदौर, अशोकनगर, बालाघाट, छतरपुर, विदिशा, नर्मदापुरम, जबलपुर, खरगौन, मुरैना और उज्जैन। इस बार सबसे पीछे रहने वाले मुरैना जिले ने परफॉर्मेंस सुधारा है।

### बी और सी श्रेणी में ये जिले

अनूपपुर, मंडला, राजगढ़, रतलाम, शाजापुर, अलिराजपुर, खंडवा, सागर, धार, नीमच, छिंदवाड़ा, सिवनी, शहडोल, उमरिया, आगर मालवा, रायसेन, श्योपुर, सीहोर, सिंगरौली, सतना, हरदा, सीधी और बड़वानी।

### स्वच्छ भारत मिशन में ये जिले पीछे

सतना, विदिशा, उमरिया, उज्जैन, टीकमगढ़, सिंगरौली और सीधी हैं। इन जिलों में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, ठोस-अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन में संतोषप्रद काम नही हो रहा है।

### कई इंजीनियरों को नहीं दिया गया काम

जानकारी सामने आई है कि सतना जिले में इंजीनियर के कुल 69 पद हैं इनमें 44 उपयंत्री ही पदस्थ हैं। करीब 25 पद खाली है। इस बाद भी अनिल पांडेय, अतुल सिंह और मीना अग्रवाल चार माह से बिना काम के बैठे हैं। तीन अन्य उप यंत्री तीन-तीन माह के मेडिकल अवकाश में हैं।

### नरेगा में बी ग्रेड है, आगे प्रयास कर रहे हैं

सतना की सीईओ जिला पंचायत अभिषेक झाड़े सवालों का जवाब देने में बचते रहे। पीपुल्स समाचार से उन्होंने कहा मनरेगा में बी ग्रेड है। सुधार के लिए आगे और प्रयास कर रहे हैं। जब पूछा गया कि डेढ़ साल से लगातार पीछे रहने के प्रमुख कारण क्या हैं तो उन्होंने कहा-अभी मैं व्यवस्त हूं।

### परफॉर्मेंस सुधारने जारी किए हैं निर्देश

अच्छी बात है कि मार्च माह की रिपोर्ट में 11 जिले 'ए प्लस' ग्रेड में हैं। जिन जिलों का परफॉर्मेंस ठीक नही हैं उन्हें सुधार के लिए निर्देश दिए हैं। विकास कार्यों की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

उमाकांत उमराव,
आयुक्त, विकास

7-4-22

पीपुल्स समाचार
4-5-22

टन के लिए चयनित स्थानों पर की लाइनिंग, फल-सब्जी वालों का होगा पंजीयन

# ड़क पर फल-सब्जी बेचना प्रतिबंधित, प्रशासन ने तय किए चार स्थान



निर्देशानुसार रतलाम नगर में नई व्यवस्था 5 मई गुरुवार से लागू की जा रही है। ऐसे में अब जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय करना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नगर में फल-सब्जी बेचने के लिए चार स्थान तय किए गए हैं, अब सिर्फ इन्हीं स्थानों पर फल और सब्जियां बेच सकेंगे।

## विक्रेताओं को त्रिवेणी रोड पर दी जगह

निगम प्रशासन द्वारा त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी का विक्रय के लिए स्थान तय किया है। सनातन धर्मसभा व महारूद्र यज्ञ समिति द्वारा फल-सब्जी विक्रय के लिए त्रिवेणी मेला परिसर के स्थान पर अन्य स्थल तय किए जाने की मांग की जा रही थी। इस पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार को अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य के साथ त्रिवेणी क्षेत्र का निरीक्षण किया व त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय के लिए स्थल तय किया गया।

## चार बाय चार की होगी दुकान

फल सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थल चयन के बाद नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा उपायुक्त विकास सोलंकी के निर्देशन में फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए 4 बाय 4 के ब्लाक चुने की लाइन डालकर तैयार किए है। यहां के अतिरिक्त फल-सब्जी का विक्रय सैलाना रोड ब्रिज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, विनोबा नगर ग्रीड के पास होगा।

## विक्रेताओं के फोटो परिचय पत्र बनेंगे

जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर सब्जी एवं फल का व्यवसाय करने वाले सभी दुकानदारों को उनका स्थान निर्धारित कराने के लिए फोटो एवं वैध परिचय पत्र लेकर 5 मई की सुबह 8 बजे त्रिवेणी रोड, कल्याण नगर में पंजीयन कराना होगा। एक-एक कर प्रशासन सभी चुनिंदा स्थानों पर यह व्यवस्था लागू करेगा जिससे कि बाजार में सड़कें फिर से चौड़ी नजर आए और यातायात व्यवस्था फिर से पूर्व की तरह बेहतर नजर हो सके।

4-5-22

पत्रिका

4-5-22

नईदुनिया विशेष

# पहले चलाया जनांदोलन, फिर मशीन बना छेड़ी कचरे के खिलाफ जंग

## जालंधर के उद्योगपति ने बनाया 24 घंटे में कंपोस्ट बनाने वाला पहला प्लांट, कचरा प्रबंधन के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से मिल चुका है पुरस्कार

मनोज त्रिपाठी • जालंधर

जालंधर में लगातार बढ़ते जा रहे कूड़े के ढेरों को खत्म करने व कचरा प्रबंधन को सही तरीके से लागू करने के लिए एक उद्योगपति ने पहले तीन साल तक जनांदोलन चलाया, लेकिन नगर निगम ने सुनवाई नहीं की तो उन्होंने कूड़े को ठिकाने लगाने वाली मशीन ही तैयार कर डाली। चार साल के शोध व व्यावहारिक ज्ञान लेकर उद्योगपति अजय पलटा ने रबड़ के पारिवारिक उद्योग को बंद करके कचरा प्रबंधन की मशीन बनाकर जालंधर निगम व पंजाब सरकार को सौंप दी। यहां पर मशीन के सफल परीक्षण के बाद भी जब निगम व पंजाब सरकार ने उनकी मशीन को मान्यता नहीं दी, तो उन्होंने दिल्ली जाने का फैसला किया। एक साल की मेहनत रंग लाई और आखिरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यालय ने 2017-18 में न्यू इंडिया अटल चैलेंज अवार्ड स्कीम के तहत उनकी मशीन को मान्यता दी। आज उनकी मशीन पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद और कस्तूरबानगर डंप से कचरे की सफाई करने में जुटी है। पीएमओ की तरफ से उन्हें पुरस्कार भी दिया गया।




<< अपनी वर्कशाप में तैयार की गई मशीन के साथ अजय पलटा • ब्यूरो 4-5-22

### पैसे की बचत के साथ कमाई भी

अजय कहते हैं कि अगर निगम इस मशीन का इस्तेमाल कूड़े के डंप पर करता है तो ढुलाई पर होने वाले खर्च से काफी रुपये बचाए जा सकते हैं। इससे बनने वाली खाद की बिक्री से कमाई भी हो सकती है। डंपिंग कास्ट, कलेक्शन कास्ट व ट्रांसपोर्टेशन कास्ट खत्म की जा सकती है।

### ऐसे काम करती है मशीन

- पहले कूड़े की छंटाई करती है। पालिथीन व अन्य सालिड कूड़े को अलग-अलग करती है।
- गीले कूड़े में प्राकृतिक तरीके से मेटाबोलिज्म से हीट बनती है, यही हीट उसे बायो ड्राइ कर देती है
- कूड़े में मौजूद बैक्टीरिया कार्बन को खा जाते हैं। उसके बाद कूड़े को बुरादे के शेप में मशीन सुखाकर बाहर निकाल देती है।
- 21 दिन बाद इस बुरादे का इस्तेमाल कंपोस्ट खाद के रूप में कहीं भी किया जा सकता है।

**दैनिक जागरण से हुए प्रेरित :** दैनिक जागरण की ओर से जालंधर में लगातार बढ़ते जा रहे कूड़े के ढेरों की समस्या को उठाने से अजय पलटा प्रेरित हुए और सहारा यूथ इंडिया वेलफेयर सोसायटी का गठन करके जनांदोलन चलाया। सोसायटी के सदस्यों ने जालंधर को कचरा मुक्त करने की मुहिम शुरू कर दी, लेकिन नगर निगम के उच्चाधिकारियों ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। इसके बाद अजय पलटा ने कचरा प्रबंधन की मशीन बनाने का प्रयोग शुरू कर दिया। इसके लिए अजय ने तीन वर्ष तक जालंधर के वरयाणा डंप में खराब पड़ी मशीन का अध्ययन किया। इसके बाद अपनी वर्कशाप पर कुशल कारीगरों व विशेषज्ञों की मदद से डेढ़ करोड़ की लागत से कचरे का निस्तारण करने की मशीन तैयार की। इस पर डेढ़ करोड़ रुपये का खर्च आया। उन्होंने इस मशीन को नगर निगम जालंधर को सौंपा, तो निगम ने वरयाणा स्थित कूड़े के डंप पर मशीन लगाने की जगह दे दी। तीन महीनों में जब मशीन ने डंप का काफी कूड़ा खत्म कर दिया तो निगम ने कहा, अब मशीन ले जाओ। इसके बाद उन्होंने पंजाब सरकार से भी संपर्क किया, लेकिन सरकार की तरफ से भी कोई सकारात्मक पहल नहीं दिखी। इससे निराश होकर पलटा दिल्ली पहुंचे। वहां एक साल बाद दिल्ली कैंट बोर्ड ने उनकी मशीन के प्रदर्शन को देखा और इस्तेमाल की इजाजत दी। मशीन 24 घंटे में ही कूड़े से कंपोस्ट बनाकर तैयार कर देती है। पलटा बताते हैं कि गोबरैला नाम का कीड़ा पूरे दिन कचरे को खत्म करने का काम करता है। इसके बाद ही ख्याल आया कि जब एक छोटा सा कीड़ा कचरा प्रबंधन कर सकता है तो मशीन क्यों नहीं।

इस खबर को विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें

नई दुनिया
4-5-2

## रात्रिकालिन सफाई के 7 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

प्रसारण 7

रतलाम। शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा 2 मई सोमवार को निरीक्षण किए जाने पर रात्रिकालीन सफाई के 7 कर्मचारियों द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। सोमवार को रात्रिकालीन सफाई के कर्मचारी दीपक-रतनलाल, राजा-कैलाश, राहूल-राजकपूर, शेखर-सोहनलाल, सुधीर-गोपाल, अमन-सुदेश, आनन्द-बाबूलाल बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए।

4-5-22

## कचरा संग्रहण हेतु कचरा संग्रहण वाहनों ने लगाई 251 ट्रीप

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा है, जिसके तहत 3 मई मंगलवार को 251 ट्रीप लगाकर 114 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया गया। 3 मई मंगलवार को मैजिक सूखा कचरा 27940 किलो, मैजिक गीला कचरा 51055 किलो, डम्पर से 25970 किलो, ट्रेक्टर से 9350 किलो, सेनेटरी वेस्ट 4 व घरेलू हानिकारक कचरा 6 किलो इस तरह कुल 114335 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया।

प्रसारण 7
4-5-22

# 10 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

प्रसारण न्यूज * रतलाम

4-5-22

- दोपहर में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का कटेगा पूरे दिन का वेतन
- बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होगें सेवा से बर्खास्त

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चैक किया गया, जिसके तहत 3 मई को प्रातः 10 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट मे उपस्थित रहते है व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिवस का वेतन काटा जाएगा। मंगलवार को झोन क्रमांक 1 में विजय-सुरेश, अजय-विनोद, सतीश-गोवर्धन, बादल-दिलीप, झोन क्रमांक 2 में रवि-सुरेश, शकुन्तलाबाई-रामचन्द्र, लोकेश-रामप्रसाद, इन्द्राबाई-दिनेश, झोन क्रमांक 3 में गोपाल-दिलीप, झोन क्रमांक 4 में सतीराम-सुरेश द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/ निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है, उन्हें सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जाएगी।

### शहर की विभिन्न ईदगाहों पर मुस्लिम समाजजनों ने ईद की नमाज अता की

# खुशी और उत्साह के साथ मनाया ईद का त्यौहार



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

दो साल से कोरोना की दिक्तों के बाद इस बार ईद का त्यौहार पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। ईद के मौके पर सुबह से ही जिलेभर में इस पर्व को लेकर उत्साह है और लोग एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद देते हुए त्यौहार मना रहे है। नगर में ईद का पर्व परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया शहर की विभिन्न ईदगाहो पर मुस्लिम समाजजनों ने ईद की नमाज अता की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा एसपी अभिषेक तिवारी विभिन्न ईदगाहों पर पहुंचे, दिलीप नगर ईदगाह पर समाजजनों से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इससे पूर्व कलेक्टर तथा एसपी ईदगाह पहुंचे शहर काजी से मुलाकात की।

ईदगाह पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, सीएसपी हेमंत चौहान, एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार गोपाल सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह सहित अमला मौजूद था। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पत्रकार मुबारिक शेरानी, एडवोकेट सुनील पारीख,जोएब आरिफ, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी आदि ने शहर काजी से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## शहर कांग्रेस ने दी ईद की बधाई

अमन और खुशी के त्योहार ईद के मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष महेंद्र कटारिय के नेतृत्व में ईदगाह पहुंचकर सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर प शहर काजी अहमद अली साहब का पुष्पमाला से स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर वरि उपाध्यक्ष रजनीकांत व्यास, प्रवक्ता जोयब आरिफ सद्भावना प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील पारीक, एक बेलू त, जाकिर हुसैन, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे



## भाजपा नेताओ ने दी ईद की मुबारकबाद

भाजपा दीनदयाल मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी ने ईदुल फितर की नमाज अदा करने बाद पुरानी ईदगाह पर शहर काजी साहब को मुबारकबाद दी। भाजपा दीनदया मण्डल पदाधिकारियों के साथ इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मं जमादार मुबारिक शेरानी वाजिद खान, सलीम भाई शूटर, यूसुफ खान अजहर मंसुरी इलिया भाई आदि मौजूद रहे।

राजस्थान
4-5-22

# नागदा से रतलाम आकर लिया नशे का ओवरडोज, सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स के बेसमेंट में हो गई मौत

प्रसारण न्यूज * रतलाम

4-5-22



नगर निगम के सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। आज दोपहर में स्टेशन रोड़ थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव सुभाष शॉपिंग कांपलेक्स के बेसमेंट में पड़ा हुआ है। मृतक के हाथ में इंजेक्शन और आसपास ड्रग की शीशियां पड़ी हुई थी। पुलिस ने जब जानकारी जुटाई तो उसकी पहचान नागदा निवासी शहजाद पिता छोटे खां के रूप में हुई।

मृतक शहजाद नशे का आदी बताया जाता है और अपराधिक प्रवृत्ति का होकर पिछले दिनों ही जेल से वापस घर लौटा था। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मृत्यु ड्रग के ओवरडोज से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचा कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

दरअसल रतलाम शहर में ड्रग और नशे का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है और नशेड़ियों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र और नगर निगम की लावारिस पड़ी हुई प्रॉपर्टियों जैसे सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स और सिविक सेंटर अब नशेड़ियों के अड्डे बनते जा रहे हैं।

सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स में आज नशे के आदी व्यक्ति का शव मिलने से शहर में चल रहे नशे के अवैध कारोबार की पोल खुल गई है। वहीं पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।


---

praasaran2014@yahoo.com

# अच्छी खबर! अब कुछ घंटों में ही नष्ट होगा प्लास्टिक

## वैज्ञानिकों ने बना दिया है ऐसा एंजाइम

नई दिल्ली (एजेंसी)। काफी समय से यह बात चल रही है कि प्लास्टिक के निकले कचरों के निस्तारण के लिए कोई ठोस उपाय नहीं हो पाया है। हालांकि दुनियाभर के वैज्ञानिक इस बा.. को लेकर काफी समय से कोशिश कर रहे हैं और इस पर कई खोज भी की जा रही थी। अब इसी कड़ी में वैज्ञानिकों ने एक ऐसे एंजाइम की खोज कर दी है जो प्लास्टिक के वेस्ट को बहुत जल्दी तोड़ देता है। इसपर एक शोध किया गया है कि यह एक घंटे में भी इसे खत्म कर सकता है। दरअसल, प्लास्टिक के खतरे लगातर बढ़ रहे हैं और यहां तक कि प्रदूषण को भी नुकसान पहुंच गया है। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक टेक्सास विश्वविद्यालय की मदद से यह एंजाइम बनाया गया है।



यह प्लास्टिक के कंपोनेंट्स को बहुत जल्द तोड़ देता है। इसे बनानी वाली टीम का कहना है कि प्लास्टिक प्रदूषण से दूषित जगहों को साफ करने के लिए भी इस एंजाइम वैरिएंट का इस्तेमाल कर सकते हैं। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया है टेस्ट के दौरान एंजाइम का जब उपयोग किया गया तो कई तरह के परिणाम निकलकर सामने आए।

प्रसारण 4-5-22

प्रसारण

4-5-22